भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2060
गुरूवार, 12 दिसम्बर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने वाली परियोजनाएँ**

**2060 श्रीमती सुलता देव:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रस्ताव या स्वीकृत परियोजनाएं हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा ओडिशा सहित विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण-पर्यटन परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए राज्य-वार क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कितनी-कितनी केंद्रीय वित्तीय सहायता जारी की गई है और साथ ही इस संबंध में कितनी-कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(घ) क्या सरकार को पर्यावरण-पर्यटन के विकास और प्रचार के लिए विभिन्न राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो सिमिलिपाल, मयूरभंज में पर्यटन या पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): देश में पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय संबंधित योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, संबंधित योजनाओं के तहत निधियों की उपलब्धता इत्यादि के आधार पर पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के तहत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को सम्पूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय की केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रस्तुत राज्य की भावी योजना के आधार पर परियोजनाओं का रणनीतिक रूप से चयन किया जाता है, जो कि विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन संभावना का विश्लेषण करती हैं। मानदंडों में राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा अपने गंतव्य मास्टर प्लान और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में प्रमुख पर्यटन आकर्षण, मौजूदा पर्यटन इकोसिस्टम, हवाई, रेल और सड़क द्वारा कनेक्टिविटी और गंतव्य की भावी पर्यटन संभावना के बारे में जानकारी शामिल है। उन गंतव्यों को प्राथमिकता दी जाती है जो स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन (इको-पर्यटन सहित) को बढ़ावा देने, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के योजना के उद्देश्यों के साथ संबद्ध होते हैं।

मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश में 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें 415.44 करोड़ रुपये की 6 इको-पर्यटन परियोजनाएं शामिल हैं। मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से अब स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है और देश में 34 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। पर्यटन मंत्रालय ने अपनी "केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता" की केन्द्रीय क्षेत्र की एक अन्य योजना के तहत देश में 40 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

इसके अलावा, भारत सरकार को राज्य सरकारों से 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25 (एसएएससीआई)' के तहत परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए और ओडिशा में 2 परियोजनाओं सहित देश में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन राज्य सरकार से अब तक, सिमलीपाल, मयूरभंज में विकास कार्यों के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

ओडिशा सहित देश में स्वदेश दर्शन, प्रशाद, एसडी 2.0, केंद्रीय एजेंसियों की सहायता और एसएएससीआई में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती सुलता देव द्वारा पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने वाली परियोजनाएँ के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2060 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटीय परिपथ 2016-17 | लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप - बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा - नई सगाली - जीरो - योम्चा का विकास | 96.72 |
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ | मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास | 94.68 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2015-16 | | |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 9. | बिहार | तीर्थांकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.96 |
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.27 |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार पहाड़ी और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुर्दार - सरोधादार - गंगरेल - कोंडागांव - नाथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 |
| 15. | गोवा | तटीय परिपथ 2016-17 | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 97.65 |
| 16. | गोवा | तटीय परिपथ 2017-18 | तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारदोली - दांडी का विकास | 59.17 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | | |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर - मोढेरा का विकास | 91.12 |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 |
| 20. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास | 77.39 |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ 2016-17 | हिमालय परिपथ:कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास | 68.34 |
| 22. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास | 77.33 |
| 23. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास। | 81.60 |
| 24. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 |
| 25. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 |
| 26. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवर - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 27. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | | |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ: दलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 30.44 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्णमूला का विकास | 78.08 |
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम विकास | 66.42 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - दुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास | 74.02 |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 |
| 38. | महाराष्ट्र | तटीय | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, | 19.06 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2015-16 | तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलखंडी - गिराड का विकास | 45.47 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल - खोंगजोम का विकास | 72.23 |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 |
| 43. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग-इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास | 92.26 |
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग-सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | 66.37 |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन- कोहिमा- वोखा का विकास | 97.36 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास | 98.14 |
| 48. | ओडिशा | तटीय परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास | 70.82 |
| 49. | पुडुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 |
| 50. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 |
| 51. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | पुडुचेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | 34.96 |
| 52. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 85.32 |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 |
| 54. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर - बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 |
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितार - फादमचेन - नाथंग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग -युमथांग - लाचेन - थांगु - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 98.05 |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगटम - मका - टेमी - बेरमोइकटोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 59. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - मामल्लपुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में ईको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास | 79.87 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुबशाही विरासत पार्क - पैगाह मकबरे - हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास | 82.85 |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी - नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास | 44.83 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - | 12.03 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2018-19 | खुर्जा - बांदा का विकास | |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य जिला टिहरी के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास | 69.17 |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमाऊं क्षेत्र में विरासत परिपथ - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का एकीकृत विकास | 76.32 |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ 2015-16 | तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 76. | - | मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19 | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 15.07 |
| **कुल** | | | | **5287.90** |

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति वर्ष** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अराकू-लम्बासिंगी | अराकू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2023-24 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 2023-24 |
| 3. | अरुणाचल | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 2023-24 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्रदेश | | | | |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 2023-24 |
| 5. | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2023-24 |
| 6. | असम | जोरहाट | रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 2023-24 |
| 7. | गोवा | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 23.56 | 2024-25 |
| 8. | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 15.65 | 2024-25 |
| 9. | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 26.30 | 2023-24 |
| 10. | कर्नाटक | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 4.12 | 2023-24 |
| 11. | कर्नाटक | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.36 | 2023-24 |
| 12. | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 2023-24 |
| 13. | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 | 2023-24 |
| 14. | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 12.01 | 2023-24 |
| 15. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 2023-24 |
| 16. | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 2023-24 |
| 17. | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क - चरण 3 | 76.22 | 2024-25 |
| 18. | मेघालय | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 2023-24 |
| 19. | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 2023-24 |
| 20. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 2024-25 |
| 21. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2023-24 |
| 22. | पुडुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 2023-24 |
| 23. | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 2023-24 |
| 24. | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2024-25 |
| 25. | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 17.37 | 2023-24 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26. | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 2023-24 |
| 27. | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2023-24 |
| 28. | तमिलनाडु | मामल्लपुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 2023-24 |
| 29. | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 2023-24 |
| 30. | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 2023-24 |
| 31. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 | 2023-24 |
| 32. | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 | 2023-24 |
| 33. | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 | 2023-24 |
| 34. | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 | 2023-24 |
| **कुल राशि** | | | | **793.20** | |

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रू. में)** |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 |
| | 3. | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4. | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| असम | 5. | कामाख्या मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| बिहार | 6. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 |
| | 7. | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 |
| छत्तीसगढ़ | 8. | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48 .44 |
| गुजरात | 9. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 |
| | 10. | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 |
| | 11. | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| | 12. | सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर के साथ तीर्थयात्री प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 13. | अंबाजी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 |
| हरियाणा | 14. | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारे का विकास | 2019-20 | 48.53 |
| जम्मू और कश्मीर | 15. | हजरतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 |
| झारखंड | 16. | बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास | 2018-19 | 36.79 |
| कर्नाटक | 17. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 |
| केरल | 18. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 19. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| | 20. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 21. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 42.18 |
| मेघालय | 22. | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 |
| मिजोरम | 23. | चिते वांग, जुआंगताई, रईक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 |
| नागालैंड | 24. | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 |
| | 25. | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| ओडिशा | 26. | पुरी में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 |
| पंजाब | 27. | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 |
| | 28. | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 |
| राजस्थान | 29. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| सिक्किम | 30. | युकसोम के फोर पैट्रन सैंट्स में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| तमिलनाडु | 31. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| | 32. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 |
| तेलंगाना | 33. | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 |
| | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 35. | भद्राचलम में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| त्रिपुरा | 36. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 |
| उत्तर प्रदेश | 37. | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 |
| | 38. | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 |
| | 39. | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 |
| | 40. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| | 41. | वाराणसी का विकास - चरण-II | 2017-18 | 44.60 |
| | 42. | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |
| उत्तराखंड | 43. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 |
| | 44. | बदरीनाथ जी धाम में तीर्थ सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 |
| | 45. | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 |
| पश्चिम बंगाल | 46. | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 |
| | | **कुल** | | **1605.20** |

**पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2012-13 | जम्मू एवं कश्मीर | डल झील (निगीन झील) में साउंड एंड लाइट शो | आईटीडीसी | 5.00 |
| 2 | 2012-13 | तमिलनाडु | चेन्नई पत्तन पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केन्द्र। | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 17.25 |
| 3 | 2013-14 | हरियाणा | तिलयार झील में मल्टी मीडिया/लेजर शो का कार्यान्वयन | आईटीडीसी | 5.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2013-14 | दिल्ली | विश्व विरासत स्थल हुमायूं का मकबरा, नई दिल्ली में व्याख्या केंद्र का निर्माण। | आगा खान फाउंडेशन, नई दिल्ली | 49.45 |
| 5 | 2014-15 | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज टर्मिनल बिल्डिंग | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 8.80 |
| 6 | 2014-15 | दमन और दीव | दीव किला, दीव में साउंड एंड लाइट शो | आईटीडीसी | 7.76 |
| 7 | 2014-15 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सरनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल)। | आईटीडीसी | 5.13 |
| 8 | 2015-16 | महाराष्ट्र | पर्यटक स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस का विकास | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 15.00 |
| 9 | 2015-16 | केरल | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे/सैरगाह का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 9.01 |
| 10 | 2016-17 | केरल | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 21.41 |
| 11 | 2016-17 | केरल | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेन्द्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | एसएआई | 24.65 |
| 12 | 2017-18 | हरियाणा | यादविंद्रा गार्डन, पिंजौर, हरियाणा में साउंड एंड लाइट शो। | आईटीडीसी | 6.00 |
| 13 | 2017-18 | आंध्र प्रदेश | पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एंड लाइट शो | आईटीडीसी | 7.09 |
| 14 | 2017-18 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण। | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 12.50 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 2017-18 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों में प्रकाश व्यवस्था 1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट (300 मीटर का विस्तार) 2. तुलसी मानस मंदिर 3. सारनाथ संग्रहालय | सीपीडब्ल्यूडी | 29.35 |
| 16 | 2018-19 | पंजाब | जेसीपी अटारी, वाघा बॉर्डर पर अवसंरचना विकास | बीएसएफ | 13.12 |
| 17 | 2018-19 | गोवा | मोरमुगाओ में आप्रवासन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 13.15 |
| 18 | 2018-19 | केरल | कोचिन पोर्ट क्रूज टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास। | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1.21 |
| 19 | 2018-19 | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 4.65 |
| 20 | 2018-19 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 38.50 |
| 21 | 2018-19 | पंजाब (जी एफ आर) | 'जलियांवाला बाग स्मारक' का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण और अमृतसर, पंजाब में जलियांवालाबाग राष्ट्रीय स्मारक में अतिरिक्त कार्य। | एएसआई | 23.02 |
| 22 | 2019-20 | दिल्ली | (पुराना किला) दिल्ली में साउंड एंड लाइट शो | आईटीडीसी | 14.04 |
| 23 | 2019-20 | केरल | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 10.29 |
| 24 | 2019-20 | दिल्ली | राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा के भवन की प्रकाश व्यवस्था | एनसीएसएम | 3.80 |
| 25 | 2019-20 | दिल्ली | राष्ट्रीय संग्रहालय की चयनित सुविधाओं का विकास और | एनसीएसएम | 43.73 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नवीनीकरण | | |
| 26 | 2020-21 | असम | राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर क्रूज़ नदी के चढ़ने/उतरने के 9 मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी का विकास | आईडब्ल्यूएआई | 28.02 |
| 27 | 2020-21 | मध्य प्रदेश | आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना। | आईटीडीसी | 23.14 |
| 28 | 2020-21 | लेह और लद्दाख | लेह, लद्दाख में साउन्ड एंड लाइट शो और पर्यटक सुविधा केंद्र, कारगिल, लद्दाख में वॉटर स्क्रीन प्रोजेक्शन मल्टीमीडिया शो | आईटीडीसी | 23.22 |
| 29 | 2020-21 | दिल्ली | एनजीएमए भवन का 3डी विजुअल प्रोजेक्शन मैपिंग | एनसीएसएम | 6.15 |
| 30 | 2020-21 | मिजोरम | आइजोल में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास। | डब्ल्यू ए पी सी ओ एस | 39.95 |
| 31 | 2021-22 | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट, गोवा में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज टर्मिनल तथा संबद्ध सुविधाओं का विकास | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 50.00 |
| 32 | 2021-22 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 37.50 |
| 33 | 2022-23 | एनईआर | पूर्वी राज्य में 22 व्यू पॉइंट का विकास (i) नागालैंड (2 व्यू पॉइंट) - 5.77 करोड़ रु (ii) मेघालय (3 व्यू पॉइंट) - 6.26 करोड़ रु (iii) मिजोरम (9 व्यू पॉइंट) - 12.78 करोड़ रु (iv) अरुणाचल प्रदेश (4 व्यू | एनएचआईडीसीएल | 44.44 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पॉइंट) - 6.25 करोड़ रुपए। (v) मणिपुर (3 व्यू पॉइंट) - 5.93 करोड़ रु (vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यू पॉइंट) - 3.70 करोड़ रु | | |
| 34 | 2022-23 | राजस्थान | श्री तनोट परिसर, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास | बीएसएफ | 17.68 |
| 35 | 2022-23 | तेलंगाना | संजीवैया पार्क, हैदराबाद, तेलंगाना में वॉटर स्क्रीन और म्यूजिकल फाउंटेन के साथ मल्टीमीडिया लेजर शो | बी ई सी आई एल | 50.00 |
| 36 | 2022-23 | तेलंगाना | उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद तेलंगाना में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी और प्रकाश व्यवस्था की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग | बी ई सी आई एल | 11.80 |
| 37 | 2022-23 | दिल्ली | परियोजना 'राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र का प्रमुख उन्नयन' | एनसीएसएम | 31.80 |
| 38 | 2023-24 | राजस्थान | नवल सागर झील, बूंदी में म्यूजिकल फाउंटेन और वॉटर स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रोजेक्शन शो की स्थापना | आईटीडीसी | 9.26 |
| 39 | 2023-24 | दिल्ली | राष्ट्रपति भवन में लाइट एंड साउंड और मल्टीमीडिया शो का विकास | आईटीडीसी | 47.11 |
| 40 | 2024-25 | बिहार | बक्सर, बिहार में एक्वा स्क्रीन प्रोजेक्शन और साउंड शो के साथ 3 डी मैपिंग और राम रेखा घाट, बिहार में डायनैमिक प्रकाश व्यवस्था और मोटीफ | बी ई सी आई एल | 5.99 |
| **कुल** | | | | | **788.62** |

**एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | लागत (करोड़ रू. में) | स्वीकृति वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1. गंडिकोटा - किले एवं गोर्ज के अनुभव को बढाना। | 77.91 | 2024-25 |
| | | 2. अखंड गोदावरी: (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट), राजमहेंद्रवरम | 94.44 | 2024-25 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 3. सियांग एडवेंचर एंड इको-रिट्रीट, पासीघाट | 46.48 | 2024-25 |
| 3. | असम | 4. असम राज्य जू सह बॉटनिकल गार्डन, गुवाहाटी | 97.12 | 2024-25 |
| | | 5. शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 | 2024-25 |
| 4. | बिहार | 6. मत्स्यगंधा झील, सहरसा का विकास | 97.61 | 2024-25 |
| | | 7. करमचट इको-पर्यटन एंड एडवेंचर हब | 49.51 | 2024-25 |
| 5. | छतीसगढ़ | 8. चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 | 2024-25 |
| | | 9. जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 | 2024-25 |
| 6. | गोवा | 10. छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय, पोंडा | 97.46 | 2024-25 |
| | | 11. प्रस्तावित टाउनस्क्वायर, पोवोरिम | 90.74 | 2024-25 |
| 7. | गुजरात | 12. केर्ली (मोकारसागर), पोरबंदर में इको पर्यटन गंतव्य | 99.50 | 2024-25 |
| | | 13. टेंटेड सिटी एंड कन्वेंशन सेंटर, धोरडो | 51.56 | 2024-25 |
| 8. | झारखंड | 14. तिलइया, कोडरमा का इको-पर्यटन विकास | 34.87 | 2024-25 |
| 9. | कर्नाटक | 15. रोरिक एवं देविका रानी एस्टेट टाटागुनी, बेंगलुरु में इको पर्यटन एवं सांस्कृतिक हब। | 99.17 | 2024-25 |
| | | 16. सवदत्ती यल्लममगुड्डा, बेलगावी का विकास | 100.0 | 2024-25 |
| 10. | केरल | 17. अष्टमुडी जैव विविधता और पर्यावरण-मनोरंजन हब, कोल्लम | 59.71 | 2024-25 |
| | | 18. सरगालय: मालाबार का सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 | 2024-25 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | मध्य प्रदेश | 19. ओरछा: एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 | 2024-25 |
| | | 20. भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 | 2024-25 |
| 12. | महाराष्ट्र | 21. पूर्व-आईएनएस गुलदार अंडरवाटर संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग | 46.91 | 2024-25 |
| | | 22. नासिक में "राम-कल पथ" का विकास | 99.14 | 2024-25 |
| 13. | मणिपुर | 23. लोकटक झील का अनुभव | 89.48 | 2024-25 |
| 14. | मेघालय | 24. मावखानू, शिलांग में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 | 2024-25 |
| | | 25. उमियम झील, शिलांग का पुनर्विकास | 99.27 | 2024-25 |
| 15. | ओडिशा | 26. हीराकुंड का विकास | 99.90 | 2024-25 |
| | | 27. सतकोसिया का विकास | 99.99 | 2024-25 |
| 16. | पंजाब | 28. हेरिटेज स्ट्रीट, एसबीएस नगर का विकास | 53.45 | 2024-25 |
| 17. | राजस्थान | 29. आमेर-नाहरगढ़ और आसपास के क्षेत्र, जयपुर में विकास | 49.31 | 2024-25 |
| | | 30. जल महल, जयपुर में विकास | 96.61 | 2024-25 |
| 18. | सिक्किम | 31. स्काईवॉक, भालेधुंगा, यांगंग, नामची | 97.37 | 2024-25 |
| | | 32. बॉर्डर एक्सपीरियंस, नाथुला | 68.19 | 2024-25 |
| 19. | तमिलनाडु | 33. मामल्लपुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क | 99.67 | 2024-25 |
| | | 34. देवला, ऊटी में फूल बगीचा | 70.23 | 2024-25 |
| 20. | तेलंगाना | 35. रामप्पा क्षेत्र सतत पर्यटन परिपथ | 73.74 | 2024-25 |
| | | 36. सोमसिला वेलनेस एंड स्पिरिचुअल रिट्रीट, नल्लामाला | 68.10 | 2024-25 |
| 21. | त्रिपुरा | 37. 51 शक्ति पीठ पार्क, बंदुआर, गोमती | 97.70 | 2024-25 |
| 22. | उत्तर प्रदेश | 38. बटेश्वर जिला-आगरा का विकास | 74.05 | 2024-25 |
| | | 39. एकीकृत बौद्ध पर्यटन, श्रावस्ती विकास | 80.24 | 2024-25 |
| 23. | उत्तराखंड | 40. प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश : राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 | 2024-25 |
| | | **कुल** | **₹ 3,295.76** | |

*****